कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

:: कार्यालय आदेश ::

श्री नरसीराम गुर्जर, तत्कालीन व्याख्याता (हिन्दी) वर्तमान प्रधानाचार्य, राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, डोला जिला झालावाड जन्म तिथि 01.07.1964 व्याख्याता पद के वरिष्ठता क्रमांक 548 / 2008–09 को राजस्थान शिक्षा सेवा नियम 1970 3 के ग्रुप–डी–II के अनुरूप प्रधानाचार्य (उमावि) एवं समकक्ष पद की वर्ष 2018–19 की रिक्तियों के विरूद्ध आयोजित विभागीय पदौन्नति समिति की अभिशंषा के अनुसार चयनोपरान्त कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा / माध्य / संस्था / बी–2 / 45002 / प्रधाना0डीपीसी / 01–02 से 17–18 / पदस्थापन / 2018 दिनांक 01.06.2018 द्वारा पदस्थापन राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, डोला जिला झालावाड में किया गया था।

उक्त आदेशों की पालना में श्री नरसीराम गुर्जर ने दिनांक 04.06.2018 को राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, डोला जिला झालावाड में कार्यग्रहण किया। श्री नरसीराम गुर्जर की स्वयं की प्रार्थना पर इनकी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण प्रधानाचार्य राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, डोला जिला झालावाड के पद से पदावनत कर पुनः व्याख्याता (हिन्दी) के पद पर पदस्थापित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / मा / संस्था / ए–6 / नरसीराम गुर्जर / 2018/3 दिनांक : 19/11/18
प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) शासन सचिवालय, जयपुर
2. संयुक्त निदेशक (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा विभाग, कोटा
3. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय–माध्यमिक), झालावाड़ को भेजकर कर निर्देशित किया जाता है कि श्री नरसीराम गुर्जर के पदौन्नति उपरान्त प्रधानाचार्य पद पर किये गये वेतन निर्धारण को पुनः संशोधित कर उक्त आदेश का इन्द्राज उनकी सेवापुस्तिका में लाल स्याही से करें।
4. अनुभाग अधिकारी संस्थापन–सी अनुभाग को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि श्री नरसीराम गुर्जर का पदस्थापन व्याख्याता (हिन्दी) के रिक्त पद पर कर अवगत करावें।
5. राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, डोला जिला झालावाड
6. श्री नरसीराम गुर्जर, प्रधानाचार्य राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, डोला जिला झालावाड को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि व्याख्याता (हिन्दी) के पद पर पदस्थापन आदेश जारी होने तक यथावत कार्यरत रहेगी।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्युटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करने बाबत
8. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर